कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

मुख्यालय/Headquarters
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110002
Panchdeep Bhawan, C.I.G. Marg, New Delhi-110 002
Phone: 011-23234092/93/98
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

F. No. E-13/12/5/2021-PR

Dated: 29.04.2021

प्रेस विज्ञप्ति

क.रा.बी. निगम अस्पतालों के लिए कोविड-19 सुविधा डैशबोर्ड

अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने के प्रयास में क.रा.बी. निगम ने वर्तमान महामारी के दौरान नागरिक केंद्रित सेवाओं में वृद्धि करने एवं सूचना का प्रसार करने हेतु एक और कदम उठाया है। कोविड मरीजों की देखभाल हेतु बिस्तरों की संख्या में वृद्धि करना समय की मांग है। लाभार्थियों को समर्पित अनेक क.रा.बी. स्वास्थ्य सुविधाएं कोविड-19 संबंधी देखभाल के लिए हमारे देश के नागरिकों के लिए खोली गई हैं। क.रा.बी. निगम संस्थानों में से कुछ कोविड रोगियों को समर्पित सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। हमारे बहादुर चिकित्सा व्यवसायी एवं अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता इन क.रा.बी. कोविड संस्थानों में न केवल जिम्मेदार नागरिकों के रूप में अपितु इस आदर्श के साथ भी 24X7 जीवन रक्षक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं कि "मानव जाति की सेवा ही ईश्वर की सेवा है"।

मांग और आपूर्ति में अन्तर के कारण कोविड देखभाल हेतु बिस्तर उपलब्ध नहीं हैं। यदि बैड उपलब्ध हैं तो भी जरूरतमंदों और आपात स्थिति का सामना करने वाले लोगों को समय पर रियल टाइम जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रही है। क.रा.बी. निगम की आईसीटी टीम ने ब्लू प्रिन्ट तैयार करने, विकसित करने और डैशबोर्ड को रिकॉर्ड समय में तैयार करने के लिए अथक प्रयास किया है ताकि जरूरतमंद लोगों को ईएसआईसी स्वास्थ्य संस्थानों की समर्पित सुविधा में जरूरतमंद नागरिकों को बिस्तर खोजने में मदद की जा सके। प्रतिभागी क.रा.बी. निगम स्वास्थ्य संस्थान नियमित आधार पर डेटा अपडेट कर रहे हैं। इस डैशबोर्ड के माध्यम से नागरिक प्रदर्शित क.रा.बी. निगम स्वास्थ्य संस्थान के बारे में, बैडों की उपलब्धता एवं वहां उपलब्ध सेवाओं के संबंध में सचेत होकर निर्णय ले सकेंगे। कोविड सुविधा डैशबोर्ड का लिंक 'https://www.esic.in/Dashboard/CovidDashBoard.aspx' पर उपलब्ध कराया गया है।

मिलकर हम आपदा से पार पाएंगे। मास्क पहनें, बार-बार हाथ धोएं और 6 फीट की भौतिक दूरी बनाए रखें। - **टीम क.रा.बी. निगम**

*****